## एक नजर

### रुद्र शुक्ला के साथ खड़ी है राष्ट्रीय परशुराम युवावाहिनी: गुरु पाण्डेय



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेवा युवा वाहिनी के संरक्षक वरिष्ठ समाज सेवी अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय पांकी विधान सभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी युवा कांग्रेस नेता रुद्र शुक्ला की दादी के निधन होने पर उनके घर ग्राम कमलकेड़िया में पहुंचे। वहां उन्होंने रूद्र शुक्ला के शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। पाण्डेय ने रुद्र शुक्ला के दादा राधा शुक्ला से मुलाकात कर इस दुःख की घड़ी में उनको ढाढस बांधने को कहा। साथ ही दिवंगत आत्मा विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय परशुराम युवावाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, जिला अध्यक्ष विकास दुबे, लल्लू पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप दूबे, प्रदेश सचिव आशुतोष पांडे उर्फ लक्की पाण्डेय, सहित भारी संख्या में राष्ट्रीय परशुराम युवावाहिनी के वरिष्ठ पदाधिकारी और पूरे परिवार के लोग उपस्थित हो दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की। युवा नेता रूद्र शुक्ला ने अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय एवं तमाम राष्ट्रीय परशुराम युवावाहिनी के पदाधिकारी और युवा वाहक को इस दुःख की घड़ी में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया।

### मांस- मछली की दुकानों पर पसरा सन्नाटा

# 12 सौ रुपये किलो तक बिक रहा है 'सावन का मुर्गा' खुखड़ी



**झारखंड और छत्तीसगढ़ के जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में ही पाया जाता है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अभी सावन का पवित्र माह चल रहा है। मांस- मछली की दुकानों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। खासकर हिन्दू धर्मावलंबी सावन के माह में मांस-मछली या अन्य मांसाहार का सेवन नहीं करते हैं। तालाब के किनारे लगने वाले मुर्गा-मछली की दुकान नहीं के बराबर खुले हैं। दुकानदारों को सावन माह समाप्त होने का इंतजार है। वहीं इस माह में ही मिलने वाला जंगली मसरूम, खुखड़ी बाजार में बिक रहा है। पुटु या रूगड़ा दो तरह के होते हैं। एक सफेद और दूसरा काला। सफेद रूगड़ा की कीमत काले वाले से ज्यादा रहती है। काला रूगड़ा अगर दो सौ रूपये किलो है तो सफेद रूगड़ा चार सौ रूपये किलो तक बिकता है। बाजार में इसके आवक अनुसार इसके दाम घटते-बढ़ते हैं। जैसे-जैसे बरसात का मौसम जाने लगता है इसकी कीमत घटती जाती है। वैसे बाजार में करील जो बांस का कोपल होता है वे भी लोगों को बहुत पंसद है। शहर के मनी टेलर के समीप सुबह से दुकानदार खुखड़ी और रूगड़ा लेकर बेचने लग जाते हैं और शाम के सात-आठ बजे तक उन्हें बेच देते हैं। बाद में आने वाले ग्राहकों को वे दूसरे दिन खुखड़ी देने का वादा करते हैं। वैसे रूगड़ा भी इस मौसम में होता है लेकिन उसकी प्रसिद्धि खुखड़ी इतनी नहीं हैऔर ना ही इसे अन्य नामों से नवाजा गया है। लोगों का मानना है कि सावन में जब मांसाहार वर्जित रहता है तो उसके विकल्प के रूप में खुखड़ी और खाते हैं। इसका स्वाद भी मांसाहारी व्यजन की तरह ही रहता है। साथ ही यह झारखंड और छत्तीसगढ़ जंगली और पहाड़ी क्षेत्र में ही पाया जाता है। इस कारण सावन में इसकी मांग काफी रहती है। वह भी तीन सौ रूपये किलो तक बिक रहा है। वैसे इसके काटने पर रोक है।

### बादल के गरजने से मिलती है रूगड़ा व खुखड़ी



सावन का मुर्गा के नाम प्रसिद्ध खुखड़ी एक हजार से बारह सौ रूपये की दर से बिक रहा है। वहीं एक अन्य जंगली सब्जी पुटु या रूगड़ा चार सौ रूपये किलो की दर से बिक रहा है। आम आदमी तो खुखड़ी सौ ग्राम भी ले ले तो काफी है। लेकिन खाने-पीने के शौकीन का काम एक-आध किलो बिना नहीं चलता है। लोगों का मानना है कि अगर बादल गरजते हैं तो खुखड़ी ज्यादा मिलता है। वैसे कुछ लोग खुखड़ी खाने से परहेज करते हैं। बाजार के बड़े व्यापारी जंगली इलाकों में जाकर औने-पौने दामों में इस खरीद लेते हैं और उसे शहर के बाजार में आकर मनमाने दामों में बेचते हैं।

### गोस्वामी तुलसीदास की 527 वीं जयंती व पंडित रामदीन पांडेय की 129 वीं जयंती समारोह

## पंडित रामदीन पांडेय क्षेत्र के धरोहर हैं : बिट्टू सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तुलसीदास की 527 वीं जयंती व पंडित रामदीन पांडेय की 129 वीं जयंती रविवार को स्थानीय बंधन मैरेज हॉल में मनाई गई। मौके पर मुख्य अतिथि इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि पंडित रामदीन पांडेय के बारे में बोलना सूर्य को दीपक दिखाने के समान है। एकीकृत बिहार में रामदीन पांडेय ने पलामू को पहचान दिलाई। आज वह हम सबके बीच में नहीं है, परंतु उनका नाम हमेशा के लिए अमर रहेगा। हिंदी साहित्य में स्लैंग का प्रयोग उन्होंने ही शुरू किया था। विशिष्ट अतिथि पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने कहा कि रामदीन पांडेय विधानसभा के धरोहर हैं। अपने कार्यकाल में मेरे पिता स्व. विदेश सिंह ने डॉ. रामदीन पांडेय के नाम का तोरण द्वार का निर्माण कराया था। यह उनका सौभाग्य है कि ऐसे महान विभूति का जन्म उनके विधानसभा में हुआ था। जब कभी हम अपने विधानसभा में दाखिल होते हैं तो उसकी शुरूआत उसी तोरण द्वार से होती है। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक हरिवंश प्रभात ने दिदरी के रामदीन पांडेय को प्रणाम कविता पेश की। श्याम नारायण सिंह ने कहा कि यह संयोग ही है स्वामी तुलसीदास और पं. रामदीन पांडेय का जन्म एक ही दिन हुआ था। ऐसा प्रतीत होता है कि वे तुलसीदास के ही लघु रूप में आए थे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ. सत्यकेतु संजय ने कहा कि जब तक उनके शरीर में प्राण है तब तक वह हमारे नाना स्व. रामदीन पांडेय की जीवन गाथा और विद्वता सबके बीच विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जीवंत रखेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजयानंद सरस्वती ने की। संचालन भारतीय सशस्त्र सेना के धर्मगुरु डॉ. सत्यकेतु संजय ने किया। कार्यक्रम में शिवनाथ अग्रवाल, परशुराम तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, सुरेंद्र कुमार गुप्ता, उमेश पाठक रेणु, रीना प्रेम दुबे, वंदना श्रीवास्तव, अंजनी दुबे, सत्येंद्र पांडेय, नरेंद्र मेहता, विजय कुमार ठाकुर, छेदीनंदन मिश्र, राकेश ठाकुर, सुरेंद्र तिवारी, सत्यिकी समरंजय, शांडिल्य श्रीकांत पांडेय उपस्थित थे।



### झामुमो कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जन्मदिन

## झारखंडियों के दिलों पर राज करते हैं हेमंत सोरेनः राजेंद्र सिन्हा

**सभी नेताओं पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु होने की कामना की**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की 49वां जन्मदिन झामुमो कार्यालय में झामुमो पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया। झामुमो के सभी कार्यकर्ता काफी उत्साहित थे। सभी नेताओं पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु होने की कामना की। साथ ही एक दूसरे को केक और मिठाइयां खिला कर इस जन्मदिन कार्यक्रम को मनाया। ज्ञात हो झामुमो के नेताओं ने हेमन्त सोरेन के जेल जाने के बाद कोई पर्व त्योहार भी नहीं मनाया था। रविवार को झामुमो के नेताओं कार्यकर्ताओं ने उनका जन्मदिन को पर्व की तरह मनाया। कार्यक्रम में उपस्थित झामुमो अध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि झारखंड के सबसे लोकप्रिय नेता का जन्मदिन आज उत्सव की तरह मनाया गया। हेमंत सोरेन की दूरदर्शिता ने और उनकी जनलोकप्रिय योजनाओं ने उन्हें और झामुमो पार्टी को झारखंडियों के दिलों में जगह बनाई है। 'मंइयां सम्मान' योजना को आज हर घर की महिला पसंद कर रही है। पलामू की जनता की तरफ से हेमंत सोरेन को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं। सचिव सन्नू सिद्धिकी ने कहा कि झामुमो का एक एक कार्यकर्ता आज बहुत खुश है और अपने नेता के लंबी उम्र की दुआ कर रहे हैं। आने वाले वक्त में भी हेमन्त सोरेन की ही सरकार बनेगी और झारखंड के हर एक परिवार को एक एक लाख मिलेगा। केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी और उपाध्यक्ष असफर रब्बानी ने जन्मदिवस की गीत गा का समां बांधा और अपने नेता को बधाई भी दी। इस मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य चंदन सिन्हा, मुन्ना सिन्हा मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष रंजन चंद्रवंशी, राकेश सिन्हा, कमाल खान संगठन सचिव अनुराग प्रताप सिंह, चंदन सिन्हा, नवीन सिन्हा वरिष्ठ नेता प्रदीप सिंह, अमित सिन्हा, कलाम नेता, अखिलेश सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक, उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, बबलू चौधरी, कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, संगठन सचिव संजय चंद्रवंशी, प्रशांत सिन्हा, नगर मोर्चा अध्यक्ष रंजीत जयसवाल, महिला मोर्चा सचिव संजू देवी, कोषाध्यक्ष राजिया नियाजी, नगर अध्यक्ष कांति चंद्रवंशी, कार्यकारिणी सदस्य मंजू देवी, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष फजयाल अहमद, नगरध्यक्ष सोनम खान, कोषाध्यक्ष मन्नत बग्गा, छात्र मोर्चा के अध्यक्ष कौशल किशोर सचिव को फैजल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता थे।

## भारी मात्रा में जावा महुआ व 520 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त

**हरिहरगंज।** उपायुक्त के निर्देश पर रविवार को सशस्त्र बल तथा पथरा पिकेट के सहयोग से हरिहरगंज थाना अंतर्गत भाँवर और मंगरदहा ग्राम में संचालित अवैध शराब निर्माण स्थलों पर छापामारी की गयी। छापामारी के क्रम में संचालित अवैध चुलाई शराब भट्टी,जावा महुआ,उपकरण को विनष्ट किया गया। अवैध शराब बनाने के आरोप मे संलिप्त अवैध चुलाई शराब कारोबारियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सूसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापामारी दल में अवर निरीक्षक उत्पाद हुसैनाबाद,अमित कुमार सिंह, पथरा पिकेट प्रभारी,सशस्त्र गृह रक्षक बल शामिल थे।



### महविश छात्रा प्रमुख और साहिल बने जीएलए कॉलेज अध्यक्ष

**मेदिनीनगर।** आपसू पलामू की बैठक आबादगंज कार्यालय मेदिनीनगर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रभारी राजीव रंजन ने एंव संचालन जेएस कॉलेज प्रभारी कुणाल किशोर ने किया। मौके पर जीएलए कॉलेज आपसू इकाई का पुनर्गठन किया गया। महविश प्रवीण को छात्रा प्रमुख, साहिल गुप्ता को कॉलेज अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं शशांक दुबे को उपाध्यक्ष, सन्नी कुमार को महासचिव तथा कौशल कुमार को सचिव बनाया गया है। जबकि अंशुमान राजद और हर्षित तिवारी को मिडिया प्रभारी बनाया गया है। कार्यकारणी सदस्य के रूप में रौशन,अंकु,रौशन दुबे,सौरभ, बिरजू कुमार का चयन किया गया है।

## अवैध रूप से संचालित हो रहे तीन क्रशर को किया सील

**जिले में अवैध खनन,परिवहन व भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई जारी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में अवैध खनन,परिवहन व भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में शनिवार रात्रि में पांकी के ताल गांव में अवैध रूप से संचालित हो रहे तीन क्रशर को सील कर दिया गया। यह कार्रवाई पांकी अंचलाधिकारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी के सहयोग से की गयी। यह कार्रवाई अंचलाधिकारी को मिले गुप्त सूचना के आधार पर की गयी,सूचना मिलने के पश्चात जब सीओ जांच के लिये ताल गांव पहुंचे तो पाया कि तीनों क्रशर पूर्ण रूप से अवैध रूप से संचालित की जा रही है। अवैध क्रशर का संचालन करने के आरोप में डोमन यादव,योगेंद्र यादव एवं कमलेश यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है।ज्ञातव्य है कि इसके पूर्व भी उपरोक्त क्रशर को सील किया गया था बावजूद अवैध रूप से दोबारा संचालन किया जा रहा था।

### कार्यक्रम

### श्रावणी मेला व प्रतिभा सम्मान समारोह'का आयोजन

# मारवाड़ी युवा मंच ने मनोरंजन एवं प्रतिभा प्रोत्साहन का उदाहरण पेश किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रविवार11 अगस्त को मारवाड़ी युवा मंच ने 'श्रावणी मेला' एवं छात्रों की सफलता को पुरस्कार देने हेतु 'प्रतिभा सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। मंच द्वारा यह कार्यक्रम सुबह 11:30 बजे 'प्रतिभा सम्मान समारोह' के आयोजन से शुरू हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवादा में सेवारत अतिरिक्त जिला जज आशुतोष खेतान को अमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम में सभी मारवाड़ी समाज के छात्रों को उत्साहवर्द्धन हेतु पुरस्कृत किया गया। जिसमें सीए में (एआईआर 48) लाने वाले 'सौरभ दारुका', पलामू कॉमर्स टॉपर 'मेघा लाठ', डीएवी स्कूल अकाउंट टॉपर 'मांशी कामदार', जैसे लगभाग 18 बच्चों को सीए, बीटेक, आईआईटी, एमएस, 10वीं, 12वीं जैसी कई परीक्षाओं में सफलता पाई है। इस कार्यक्रम के संयोजक गिरधारी गर्ग ने बताया कि मंच द्वारा इस तरह के कार्यक्रम करने का मुख्य उपदेश सिर्फ सफलता प्राप्त छात्रों को सम्मानित करना नहीं हैं,बल्कि इस तरह के कार्यक्रम से मंच द्वारा सभी छात्रों को प्रोत्साहित भी करना भी है जो कहीं ना कहीं कुछ कारणो से सफलता प्राप्त नहीं कर पाये हैं। आशुतोष खेतान ने कहा कि यह मंच और हम सभी इन बच्चों की निष्ठा एवं अर्थक परिश्रम का सम्मान करते हैं और यह आशा करते हैं कि जो बच्चे कुछ कुछ कारणों से पीछे रह गए हैं। वह बच्चे भी अगले वर्ष इस पुरस्कृत छात्रों कीसूची में अपना नाम अंकित करेंगें।




**मनोरंजन व खानपान के लगे थे कई स्टॉल**

करीब 2:00 बजे से श्रावणी मेला का आयोजन किया गया। मेले में मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए थे। इस मेले में बच्चों के खेल कूद मनोरंजन के तरह-तरह के गेम्स के लिए योजना भी बनाई गई थी। जैसे कि वर्चुअल रियलिटी, रिंगथ्रो, पिरामिड तोड़ो, आदि। मेले खान-पान की भी बहुत अच्छी स्टॉल लगाई गई थी। जिनमें चटपटा चाट, गोलगप्पे, गुलाब जामुन , राज कचौरी ,छोला भटूरा, इत्यादि प्रमुख थे। मेले में स्थानीय बुटीक को प्रेरणा देते हुए काई प्रकार के बुटीक का भी स्टॉल लगाया गया था और एक लकी ड्रा का भी आयोजन किया गया था। ड्रा के विजेता की घोषणा मेले के अंत में की जानी थी।

## न्यूज बॉक्स

### अरूणा शंकर ने गाजे-बाजे के साथ किया तिरंगा कार्यक्रम का शुभारंभ



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रविवार को सतबरवा एवं पोलपोल से हर घर तिरंगा वितरण का कार्यक्रम गाजे-बाजे के साथ प्रारंभ किया। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने इस कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के आह्वान पर हम भाजपा के कार्यकर्ता घर-घर तिरंगा वितरण का कार्य कर रहे ताकी हमारे देश की शान तिरंगा हर घर में लहरा सके। प्रथम महापौर ने कहां तिरंगा वितरण कार्यक्रम में लोगों में काफी उत्साह है। बड़े, बूढ़े, युवा, महिलाएं इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग ले रही हैं। प्रथम महापौर ने स्वयं सतबरवा एवं पोलपोल पूरे बाजार घूम घूम कर तिरंगा वितरण कि ' इस अवसर पर सतबरवा में मनीष कुमार, आशीष सिन्हा, संदीप कुमार, अरुण कुमार, सुनील विश्वकर्मा, अशोक राम, विपिन उपाध्याय, नितिन कुमार, सतीश सिंह, संजय लाल, अनिल राम, प्रीति गुप्ता एवम संगीता गुप्ता तिरंगा वितरण में सहयोग कर रही थी। वहीं पोलपोल में उमेश कुमार गुप्ता, रमेश लाल, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, रघुवीर सिंह, अजय लाल सहित कई लोगों ने सहयोग किया।

### बाइक व मोबाइल लूटने वाला पुलिस गिरफ्त में, बीसफुटा पुल के पास हुई थी लूट



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बीसफुटा पुल के समीप भाई-बहन को लूटने वाले लुटेरे 25 वर्षीय मोहम्मद इरफान उर्फ सोनू को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से भाई-बहन का मोबाइल भी बरामद किया है। बताया जाता है कि सोनू ने बाइक पर सवार भाई-बहन से बाइक,चांदी के जेवर और मोबाइल लूट लिया था। सोनू से मोटरसाइकिल का अता-पता नहीं चल पाया है। ज्ञात हो कि मोहम्मद इरफान ने पांच जून की रात पौने दस बजे अपने तीन अन्य साथियों रिशु पांडेय शशि रंजन उर्फ पंचम और अखिलेश भुइयां के साथ मिलकर भाई-बहन को लूट लिया था। ये चारों अपराधी लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के गोपालगंज गांव के रहने वाले बताये जाते हैं। पांच जून की रात इन चारों ने बीसफूटा पुल के समीप पाटन थाना क्षेत्र के सिक्की कला निवासी आकाश कुमार सिंह और उसकी बहन से लूटपाट की थी। इरफान को लेस्लीगंज के इलाके से ही शहर थाना पुलिस ने पकड़ा। लुटेरों ने पिस्तौल दिखाकर अपाची मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और चांदी के जेवर लूटे थे। आकाश सिंह अपने पड़ोसी से बाइक लेकर बहन को लेकर गढ़वा से अपने घर सिक्की कला जा रहा था। मोहम्मद इरफान ने पुलिस को बताया कि घटना वाली रात दो बाईक पर सवार होकर चारों दोस्त चेड़ाबार जाने वाली सड़क से जा रहे थे। तभी एक बाइक आते हुए दिखा। बाइक को ओवरटेक कर पिस्तौल दिखा कर बाइक व अन्य सामान लूट लिया था। इरफान के तीनों साथी पहले से ही जेल में हैं। सतबरवा थाना पुलिस ने आर्म्स के साथ इन्हें पकड़ा था। पुलिस का कहना है कि बाइक को बरामद करने के लिए जेल में बंद आरोपियों को रिमांड पर लेकर उनसे पूछताछ की जाएगी।

### विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल प्रखंड समिति का पुनर्गठन



**मेदिनीनगर।** हरिहरगंज और निकटवर्ती पिपरा प्रखंड के विश्व हिंदू परिषद् बजरंग दल के प्रखंड समिति का संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला पर्यवेक्षक के रूप में विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री पप्पू सिंह, बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता,धर्म प्रसार प्रमुख विनय कुमार शौंडिक और बजरंग दल जिला सह संयोजक सोनू सिंह, उपस्थित थे। हरिहर गंज प्रखंड समिती में विहिप अध्यक्ष राजेश सौंडिक, मंत्री रिशु गुप्ता, बजरंग दल संयोजक दीपक कुमार सोनी, सह संयोजक मनोज कुमार सोनी और संतोष कुमार, सुरक्षा प्रमुख पीयूष सिंह, सह प्रमुख गोलू सौंडिक, प्रचार-प्रसार प्रमुख मुकेश वर्मा, गौ रक्षा प्रमुख लव सिंह, सह प्रमुख नव्य कुमार, साप्ताहिक मिलन प्रमुख सौरभ पाठक, विद्यार्थी प्रमुख पंकज पासवान, सह प्रमुख छोटू कुमार, बालोपासना बिट्टू कुमार, विकाश गुप्ता और पवन कुमार को मनोनीत किया गया। संरक्षक रवि जायसवाल, जे पी गुप्ता, दिलीप स्वर्णकार, अजय स्वर्णकार, चंदन प्रजापति, विक्की पटेल इत्यादि को मनोनीत किया गया। छतरपुर से विहिप संरक्षक रितेश चंद्रा, समरसता प्रमुख टोन वर्मा, बजरंगी सोनू गुप्ता, शशि कांत आदि भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### फरार अरोपियों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**हैदरनगर।** जिला न्यायालय मेदिनीनगर से जारी निर्देश पर हैदरनगर की पुलिस ने लंबे समय से दो फरार आरोपियों के घर इश्तेहार चिपकाया है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि नामजद अभियुक्त अनीता देवी, पति- जितेंद्र पासवान ग्राम सोबा थाना हैदरनगर के घर के अलावे चौक पर पुलिस ने रविवार इश्तेहार चस्पाया है। वहीं कम्पलेन नामजद अभियुक्त राकेश पासवान पिता-रामजीत पासवान, ग्राम, तारा थाना- हैदरनगर के घर पर इश्तेहार चस्पाया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त दोनों आरोपी लंबे समय से फरार हैं। साथ ही कई बार विभिन्न स्त्रोतों से सूचना देने के बाद भी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए हैं। न्यायालय के आदेशानुसार उक्त आरोपियों के घर पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए कई बार छापेमारी भी की है, जिसमें फरार पाए गए हैं।

### सोनबरसा के नीरज दूसरी बार भी भाजपा मंडल अध्यक्ष बने

**मोहम्मदगंज।** झारखंड प्रदेश भाजपा के निदेर्शानुसार पलामू जिला अध्यक्ष अमित कुमार तिवारी ने सोनबरसा निवासी नीरज कुमार सिंह को पुनः मंडल अध्यक्ष बनाया है। उनके दुसरी बार मंडल अध्यक्ष बनने पर पार्टी के कर्नल संजय कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, रवींद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, सीबी रमन सिंह, नर्वदेश्वर सिंह, डा. प्रभुदयाल, सुशील कुमार मेहता, कामेश्वर मेहता, कामेश्वर सिंह सहित अन्य कई नेताओं ने उन्हें बधाई देते हुए खुशी व्यक्त की है। बताया गया कि रविवार को जिला भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष अमित कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में नीरज कुमार सिंह को सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने भगवा गमछा ओढाकर उन्हें सम्मानित किया। मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह ने कहा कि जल्द ही नई कमिटी बनाई जाएगी। पार्टी को सांगठनिक मजबूती दी जाएगी।

## एक नजर

### वनांचल डिग्री कॉलेज में छाया वित्तीय अनियमितता का मामला

**टंडवा (चतरा)।** औद्योगिक व कोयलांचल नगरी के उपमा से मशहूर टंडवा का वनांचल डिग्री कॉलेज एक बार फिर अनियमितताओं को लेकर सुर्खियों में है। इस मामले में दर्जनों भू-दाताओं ने राज्यपाल को त्राहिमाम पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में पिछले तीन सत्र से बरती जा रही घोर धांधली को रेखांकित कराया गया है। कहा गया कि आपसी सांठगांठ कर 2-3 छात्रों वाले कुछ प्रोफेसर यहां मजे से वित्तीय लाभ उठा रहे हैं। इसकी भारी गड़बड़ी करने में संबंधित लोगों पर गंभीर आरोप लगाया गया हैं। 16 मार्च को कार्यकारिणी समिति द्वारा तमाम मानकों को दरकिनार कर निकाले गये वेकैंसी में संबंधितों पर अवैध लाभ करने का आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की। बहरहाल मामले की भनक लगने से जालसाज कर्मियों में हड़कंप मच गया है। आवेदन की प्रतिलिपि कुलपति, उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव व उपायुक्त चतरा को दी गई है।

### प्रबंधन समिति का गठन, दिलेश्वर बने प्रबंधक

# मानव में ज्ञान की जागरण करना उद्देश्य : राजेंद्र जायसवाल



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** अखिल भारतीय गायत्री परिवार की बैठक चन्दनडीह प्रज्ञा कुंज में राजेंद्र जायसवाल की अध्यक्षता में हुई। सर्वसम्मति से प्रबंधन समिति का गठन किया गया। प्रबंधक के रूप में दिलेश्वर यादव, सहायक प्रबंधक देवेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष रितेश कुमार नीकू, उपकोषाध्यक्ष पंकज पांडेय, अनीता देवी, उर्मिला देवी, पुष्पा देवी, कलावती देवी, मालती देवी, सिंधु देवी, संदीप प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, रमेश उरांव, गीता देवी, शीला देवी, प्रकाश गुप्ता, संजीव पंडित सहित कई लोग बनाए गए। पलामू प्रमंडल प्रबंधक राजेंद्र जायसवाल ने बताया कि गायत्री परिवार ऐसा संगठन है जो हर व्यक्ति में अध्यात्म और ईश्वर से साक्षात्कार करने की पद्धति सिखाती है। इस पृथ्वी का सबसे बड़ा महामंत्र गायत्री मंत्र की अद्भुत शक्तियां का विस्तार से इस पर चर्चा के साथ लोगों को गायत्री मंत्र की जाप प्रतिदिन अवश्य करना चाहिए। बैठक में अंबिका सिंह, सुशील प्रसाद यादव, शिव शंकर पांडेय, अशोक मेहता, दिनेश चंद्रवंशी, लव कुमार तिवारी, कन्हाई पासवान, रामेश उरांव, वीरेंद्र प्रसाद, बबन पासवान, सुरेंद्र यादव पंकज पांडे, नवीन कुमार, संदीप प्रसाद, रितेश कुमार, मालती देवी शामिल हुए।

# सावन सप्तमी पर लगने वाला मेला का विधायक ने किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** रविवार को प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत स्थित मोरशेरवा पहाड़ी मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन सप्तमी के मौके पर एक दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास व जिप सदस्य रामसेवक दांगी, मुखिया कंचन देवी, सिंघानी मुखिया राधिका देवी, पंसस बसंती देवी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष मौलाना महफूजुल रहमान समेत अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया। बताया जाता है कि मोरशेरवा पहाड़ी में कई वर्षों से सावन सप्तमी को मेला का आयोजन किया जाता है। अनुष्ठान व पूजा पाठ सावन पंचमी से ही शुरू हो जाता है। लगातार तीन दिनों तक चलता है। सावन सप्तमी को मेला का आयोजन के साथ-साथ भक्ति जागरण का भी आयोजन हेता है। मेला में प्रखंड क्षेत्र से भारी संख्या में लोग पहुंचते हैं। इस दौरान समिति द्वारा विधायक समेत अन्य अतिथियों को माला पहनाकर व बुके देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी को मोमेंटो भेट किया गया। मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष महफूज रहमान, चूड़ामणि देवी, अनार देवी, अरुण दांगी, दशरथ महतो, आदि ने आजीवन सदस्यता शुल्क जमा कर मंदिर समिति के आजीवन सदस्य बने। उन सभी सदस्यों को विधायक ने माला पहनाकर स्वागत किया। समिति द्वारा प्रखंड के पत्रकार जेजेए जिला उपाध्यक्ष श्रीकांत राणा, पत्रकार संघ पत्थलगड़ा प्रखंड अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार व अरविंद ठाकुर को भी सम्मानित किया गया। मौके पर मंदिर प्रबंधन समिति अध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्व मुखिया मेघन दांगी, समाजसेवी रामचंद्र दांगी, गोपाल दांगी, विश्वजीत दांगी, रूपलाला दांगी, भाजपा नेता विनोद दांगी, मुकेश कुशवाहा, दुल्लीराम दांगी, गोवर्धन राणा समेत समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# कोल वाहन दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचे चालक व उपचालक


- नाबालिक चालक चला रहे कोल वाहन, कई लोग गवां चुके हैं जान
- सूचना के बावजूद भी परिवहन विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के बघमरी मोड़ के समीप रविवार को कोल वाहन अनियंत्रित हो कर दुर्घटना ग्रस्त हो गया। घटना में चालक व उपचालक बाल-बाल बच गए। कोल वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बताया गया कि कोल वाहन आम्रपाली से कोयला लेकर कटकमसांडी जा रहा था। इस क्रम में गिद्धौर के बघमरी मोड़ के समीप कोल वाहन अनियंत्रित हो कर दुर्घटना ग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी लिया। बताते चले की चतरा हजारीबाग भाया कटकमसांडी गिद्धौर मुख्य पथ में कोल वाहन लगातार दुर्घटना ग्रस्त हो रहा है। यहां तक की कोल वाहन की चपेट में आने से कई लोगों की जान चली गई है। वहीं कोल वाहन नाबालिक चालकों द्वारा चलाया जा रहा है। सूचना होने के बावजूद भी परिवहन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिसके कारण दिन प्रतिदिन दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है।

# रसोइया संघ ने विधायक प्रतिनिधि को सौंपा मांग पत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** झारखण्ड राज्य विद्यालय रसोइया संघ प्रखण्ड कमेटी बरवाडीह के अध्यक्ष प्रेमशीला देवी, सचिव रीना देवी के नेतृत्व में रविवार को विधायक रामचंद्र सिंह के मंगरा स्थित आवास पहुंच कर विधायक की अनुपस्थिति में अपनी समस्याओं संबंधित मांग पत्र सौंपा। इससे पूर्व रसोइया संघ ने विधायक के नहीं रहने पर उनसे दूरभाष पर बात कर 6 सूत्री मांग पत्र से विधायक को अवगत कराया। उसमें न्यूनतम वेतन देने की गारंटी, 10 माह के जगह 12 माह वेतन देने, बकाया पैसे का भुगतान करने, पेंशन सहित 10 लाख का बीमा कराने आदि मांगे शामिल हैं। विधायक ने उनकी मांगों को प्रदेश के मुख्य मंत्री मिल कर रखते हुए सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। विधायक की अनुपस्थिति में मांग पत्र लेने वालो में विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, प्रदेश प्रदेश का समिति सदस्य रविंद्र राम, 20 सूत्री अध्यक्ष मो. नसीम अंसारी, राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी को मुख्यमंत्री के नाम 6 सूत्री मांग पत्र रसोइया संघ की प्रतिनिधि मंडल ने दिया। मौके पर माले प्रखण्ड सचिव कृष्णा सिंह, किसुन सिंह, सदस्य कौशल्या देवी, गीता देवी, शनिचरी देवी, सुकर्मी देवी, रीना देवी आदि शामिल थे।

### जेएमएम कार्यकर्ताओं ने चलाया सदस्यता अभियान

# जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का लिया निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के इचाक गांव में रविवार को जेएमएम पार्टी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष मनोज वर्मा की अध्यक्षता में हुई। संचालन सचिव देवदीप कुमार ने किया। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना 21 से 50 वर्ष के महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। यह योजना हमेशा चलने वाली है। हेमंत सोरेन द्वारा अबुआ आवास, सर्वजन पेंशन,सावित्रीबाई फुले योजना, मुख्यमंत्री सृजन योजना ,शिक्षा ऋण सहित अन्य जनहित की योजना चलाया जा रहा है। बैठक के बाद सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान में अधिक से अधिक महिलाओं को सदस्य बनाया गया। कहा गया कि आने वाला विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की सरकार बनेगी। इसके बाद प्रत्येक परिवार को एक लाख रुपया दिया जाएगा। मौके पर संगीता देवी,मीना देवी,ललिता देवी,रेखा देवी,ममता देवी,नीलू देवी,रीना देवी,ममता देवी, संगीता देवी,मुखलाल भोक्ता, जितेंद्र भुइंया सहित दर्जनों महिला, पुरूष उपस्थित थे।

# सड़क नाली में तब्दील, मंत्री के आश्वासन के बाद भी नहीं हुआ निर्माण



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुन्दा (चतरा)।** कुन्दा मेन चौक व बेल चौक के बीचों बीच सड़क पूरी तरह से नाली में तब्दील हो गया है। बारिश के पानी के साथ-साथ सड़क पर शौचालय टंकी का पानी का बहाव आता है, इस कारण सड़क पर गंदे पानी का जमाव हो गया है। पानी जमाव होने से सड़क गढ्ढा युक्त हो गया है। इस कारण आये दिन कई राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। उक्त सड़क पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में राहगीर आवागमन करते हैं। ज्ञात हो की श्रद्धालु भी ऐतेहासिक तीर्थ स्थल महादेव मठ भी पूजा अर्चना के लिए इसी रास्ते से जाते हैं। हालांकी प्रखण्ड के लोगों का कहना है किराज्य के श्रम एवं कौशल विभाग मंत्री सत्यानंद भोक्ता को इस समस्या से अवगत कराया था। मंत्री ने आश्वासन देते हुए कहा था की जल्द ही इसका समाधान कर दिया जाएगा, लेकिन अभी तक उक्त सड़क निर्माण होने की बाट जोह रहा है।

# भाजपा नेता रामजी पासवान ने कुंदा का किया दौरा



**कुंदा (चतरा)।** भाजपा नेता रामजी पासवान ने रविवार को कुंदा क्षेत्र का दौरा किया। भाजपा नेता प्रतापपुर प्रखंड के डूमरवार पंचायत के मुखिया संगीता देवी के पति है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता व मुखिया पति होने के नाते कई सामाजिक कार्य कर चुके हैं। दौरे के क्रम में कई ग्रामीणों से मिलकर अपने पक्ष में समर्थन मांगा। उन्होंने ने कहा कि चतरा विधानसभा की जनता का समर्थन मिल रहा है। जनता के कहने पर चुनाव की तैयारी में जुटे है। चतरा विधानसभा में आरक्षण के तौर पर व स्थानीयता को देखते हुए पार्टी मुझे अगर एक बार मौका देती है तो चुनाव में जीत का परचम लहराएगें। चतरा के चहुंमुखी विकास करेंगे। मौके पृथ्वी गंझु, नगीना गंझु, सतेंदर यादव, लालू प्रसाद यादव,समेत कई मौजूद थे।

# फाइलेरिया रोधी दवा घर घर खिलाने का अभियान शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय व प्रखंड के सभी पंचायत में घर-घर पहुंच कर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा फाइलेरिया मुक्ति दवा खिलाने का अभियान शुरू कर दिया है। शनिवार को प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी,जिप सदस्य संतोषी शेखर,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जयंत लकड़ा ने एक पखवाड़ा तक चलने वाले इस अभियान की दवा खिला कर शुरूआत किया था। इसके बाद रविवार को प्रखंड मुख्यालय में एमपीडब्ल्यू अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का अभियान शुरू किया गया। प्रखंड के आदर्श नगर मोहल्ला में इसकी शुरूआत स्वास्थ्य सहिया फागुनी देवी,शोभा देवी स्वास्थ्य कर्मी अर्चना प्रसाद,गीता देवी को घर पहुंच कर उसकी लंबाई नाप कर लंबाई के हिसाब से आईवरमेक्टिन,उम्र के हिसाब से डीईसी गोली, फाइलेरिया के कीड़ा मारने के लिए एवेंडाजोल की दवा खिलाया गया। एमपीडब्ल्यू अरुण कुमार सिंह ने बताया कि फाइलेरिया रोधी डोर टू डोर दवा खिलाने का अभियान 25 अगस्त तक चलाया जाएगा। पूरे प्रखंड में 260 लोगों की स्वास्थ्य कर्मी टीम को इस काम में लगाया गया है।

# एडीआरएम पहुंचे बरवाडीह किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश

- चालक, सह चालक, रेलवे गार्ड की समस्याओं से हुए अवगत




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** धनबाद मंडल के अपर रेल मंडल प्रबंधक विनीत कुमार रविवार को अपने विशेष ट्रेन से बरवाडीह पहुंच कर कई विभागों का निरीक्षण कर कई आवश्यक निर्देश दिए। धनबाद एडीआरएम विनीत कुमार सबसे पहले स्टेशन का पैनल रूम, वरीय स्टेशन अधीक्षक का ऑफिस, क्रू लॉबी कार्यालय, आरपीएफ कार्यालय का बारी बारी से निरीक्षण करते हुए स्टेशन परिसर में बंद पड़े रेलवे कैंटीन की बंद होने की जानकारी ली। मौके पर रेलवे कैंटीन बंद होने से रेलवे स्टेशन में कार्यरत कर्मियों के चाय पानी के लिए हो रही दिक्कत से एडीआरएम को अवगत कराया गया। इसके बाद एडीआरएम विनीत कुमार रनिंग रूम का औचक निरीक्षण किया। रनिंग में कई चालक, सह चालक व रेलवे गार्ड से बारी बारी से उनकी उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। निरीक्षण के दौरान कई गार्ड ड्राइवर ने गंदा पानी आपूर्ति होने की जानकारी देते हुई साफ पानी आपूर्ति की मांग की। कई लोगो ने प्रति दिन हरी सब्जी उपलब्ध कराने की मांग की। एडीआरएम में सभी कर्मियों की समस्याओं को सुनते हुए उसके निदान का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान वरीय स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार द्विवेदी, स्टेशन अधीक्षक अरुण राम, रनिंग रूम इंचार्ज गुरु प्रसाद, वरीय क्रू कंट्रोलर वसीर अहमद, हेल्थ इंस्पेक्टर, आरपीएफ इंस्पेक्टर, समेत कई विभागों अधिकारी व रेल कर्मी शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### महफूजुर रहमान बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष



**पत्थलगड़ा।** भाजपा जिला महामंत्री महफूजुर रहमान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्ययक्ष बनाया गया है। जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर सांसद कालीचरण सिंह ने बधाई दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महफूज रहमान को एक बार फिर से अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाये जाने से आने वाले विधानसभा चुनाव में उनके अनुभव का काफी लाभ होगा। पार्टी चतरा व सिमरिया विधानसभा को लीड कराने में अहम भूमिका अदा कर सकता है। हफुजूर रहमान को दूसरी बार अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। उन्हें भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष शुभम सिंह, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमन प्रसाद तिवारी, मौलाना मुश्तक, हाफिज इम्तियाज, मोहम्मद जकी, मोहम्मद अफजल, पत्थलगड़ा मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार दांगी, विनोद कुमार दांगी, मुकेश कुमार दांगी, अमित हनी हंक, नकुल तिवारी, मृत्युंजय कुमार, कैलाश दांगी, अरविंद कुमार दांगी, पत्थलगड़ा भाजपा मंडल महामंत्री तिलेश्वर राणा ने बधाई दिया है।

### प्रखंड कार्यालय के समीप वज्रपात, नुकसान

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय के समीप रविवार की देर शाम वर्षा के साथ वज्रपात होने से प्रखंड सह अंचल कार्यालय में भारी नुकसान हुआ है। वहीं सरकारी कार्य कर रहे प्रखंड कर्मी भी बाल बाल बच गए। रविवार को पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया,दिगंबर पांडेय, उज्जवल सिंह,अभिनंदन कुमार,राजू यादव सहित अन्य कर्मी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों का वेरिफिकेशन कर रहे थे। इस क्रम में जोरदार गरज के साथ वज्रपात हुआ। इससे कार्य कर रहे कर्मी बाल-बाल बच गए। वज्रपात होने से प्रखंड व अंचल कार्यालय में लगा वायरिंग,सीलिंग पंखा, कंप्यूटर,एलईडी बल्ब सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक मशीन जल गया। बताया गया कि कितना नुकसान हुआ है विद्युत आपूर्ति होने के बाद ही पता चल पाएगा। दूसरी इसकी जानकारी दूरभाष पर जिला के उच्च पदाधिकारीयो को दे दी गई है।

### महताब आलम बने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष



**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी ने एक फिर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष महताब आलम पर भरोसा जताते हुए उन्हें लातेहार ज़िले भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया है। महताब आलम लगातार पार्टी के लिए अच्छा कार्य करते रहे हैं। लातेहार जिल में अल्पसंख्यक मोर्चे को मजबूती प्रदान करने में जुटे रहते हैं। इनके कारण ही बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समाज के लोग भाजपा में जुड़ हैं। महताब आलम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, अल्पसंख्यक मोर्चा क प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात, जिला अध्यक्ष पंकज सिंह का आभार व्यक्त किया है।

### विधायक ने किया सामुदायिक भवन का शिलान्यास

**गिद्धौर (चतरा)।** सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास ने रविवार को प्रखंड के बारियातु पंचायत के बांय गांव स्थित गुलेचिया टांड में विधायक मद से बनने वाला सामुदायिक भवन निर्माण की आधारशीला रखी। बताया गया कि भवन का निर्माण करीब 10 लाख रुपए से किया जायेगा। शिलान्यास के बाद विधायक ने ग्रामीणों की अन्य समस्याओं से भी रूबरू हुए। मौके पर पार्टी के कई नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### पेड़ का डाल गिरने से वृद्ध घायल

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत साप्ताहिक बाजार अरु में रविवार को महुआ पेड़ का डाल टूट कर गिरने से वृद्ध सब्जी विक्रेता किसान को चोट लगने से घायल हो गया. वही घायल की पहचान अरु ग्राम निवासी स्व लक्ष्मण साहु का 70 वर्षीय पुत्र कृष्णा साहु के रूप में किया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है की कृष्णा साहु किसान है। वह गांव का ही बाजार में सब्जी बेचने आया हुआ था। अचानक महुवा पेड़ की डाली टूट कर गिर गया। जिससे वृद्ध सब्जी विक्रेता किस का सिर और हाथ में चोट लग गया। वही घायल को परिवार वालों द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ चिकित्सको द्वारा इलाज करने के उपरान्त घायल कृष्णा साहु को घर भेज दिया गया। फिलहाल वृद्ध किसान कृष्णा साहु खतरा से बाहर है।

### ट्रैक्टर के पलटने से युवक की मौत



**लोहरदगा ।** जिले के सदर थाना क्षेत्र के कुटमू दुपट्टा चौक के पास ट्रैक्टर के पलटने से एक युवक की मौत हो गयी है। वहीं ट्रैक्टर ड्राइवर घायल है। मृतक की पहचान कुटमू निवासी संजय मुंडा (25) के रूप में की गयी है। घायल ड्राइवर चंदवा थाना क्षेत्र के कुर्मी टोली के रंथू उरांव (45) को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। मिली जानकारी के अनुसार संजय मुंडा ट्रैक्टर को रास्ता दिखा रहा था। इसी दौरान कुटमू दुपट्टा चौक के पास मोटरसाइकिल सवार को बचाने के क्रम में ट्रैक्टर अनियंत्रित हो कर खेत में गिर गया और संजय मुंडा की ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गयी। घायल रंथू उरांव को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल ले जाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव के कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है।

### वन पदाधिकारी से मिले गुमला चैंबर

**गुमला।** गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधि मंडल चेंबर के अध्यक्ष दामोदर कसेरा के नेतृत्व में गुमला जिला वन पदाधिकारी अहमद बेलाल से मुलाकात कर शहर के व्यापारियों एवं आम लोगों को हो रही परेशानी से अवगत कराया। कसेरा ने बताया की शहर में सड़कों के किनारे जो पेड़ काफी पुराने हो गए हैं उनकी डाली बराबर हवा पानी से टूटकर गिरती है , जिससे आम लोगों को हमेशा जान माल की क्षति का सामना करना पड़ता है आम लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए । चेंबर अध्यक्ष ने वन पदाधिकारी से मांग किया कि पुराने हो चुके पेड़ की डालियों का छटनी कराया जाए ताकि भविष्य में किसी प्रकार का दुर्घटना ना हो ' इस पर वन पदाधिकारी ने कहा कि आप इसके लिए गुमला नगर परिषद को एक आवेदन दें और उसकी प्रतिलिपि मुझे दें। नगर परिषद उसके लिए वन विभाग से एनओसी की मांग करेंगे ।

### कृषि विज्ञान केंद्र ने जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशनपुर के द्वारा प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसका मुख्य उद्देश्य भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के द्वारा विकसित 109 किस्मो के महत्व को किसानों तक पहुंचना है इस कार्यक्रम के अध्यक्षता विकास भारती बिशनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने की। उन्होंने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि इन नई किस्म से बदलते हुए मौसम से लड़ने की क्षमता ज्यादा है जो की आने वाले दिनों में किसानों को ज्यादा लाभ देने में सक्षम हो सकेगी।

# कलयुगी बेटे ने टांगी से काट अपनी वृद्ध मां की हत्या की



- पूर्व में वह अपनी पत्नी की हत्या के आरोप में सजा काट चुका हैं
- मां के हत्यारे पुत्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- दोनों के बीच हुई थी लड़ाई

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिला अंतर्गत स्थित डुमरी थाना क्षेत्र के नावाडीह ग्राम निवासी 55 वर्षीय मोनुवेल कुजूर नामक खूंखार प्रवृत्ति के कलयुगी पुत्र ने अपने ही जन्मदात्री 80 वर्षीय मां सेलिना कुजूर को टांगी से काट काटकर निर्मम हत्याकर दिया और मां बेटे के पवित्र रिस्ते को शर्मसार कर दिया हैं। मृतक की पुत्री एवं हत्यारे की बहन कंचन कुजूर ने बताया की मां के हत्यारे पुत्र मोनुवेल कुजूर, अपने घर में, अपनी मां से दो-तीन दिनों से लगातार लड़ाई झगड़ा कर रहा था और घर में बन रहे खाना को भी फेंक दें रहा था।

जिसका मां सोलिना कुजूर द्वारा विरोध करने पर मोनुवेल कुजूर ने एकाएक आक्रोशित होकर वह घर में रखा हुआ। टांगी उठाकर लाया और अपनी मां सेलिना कुजूर पर टांगी से लगाकर कई वर कर दिया। फलस्वरूप सेलिना कुजूर की मौत घटनास्थल पर ही हो गई , जिसकी सूचना डुमरी थाना पुलिस को दी गई। उक्त सूचना मिलते ही डुमरी थाना प्रभारी (अनुज कुमार) अपने दलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू करते हुए। सेलिना कुजूर के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु, गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेजवाया गया । जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं, और डुमरी थाना प्रभारी ने बताया की हत्यारे बेटे को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया हैं। डुमरी थाना प्रभारी ने बताया की उक्त हत्यारे बेटे ने इससे पूर्व भी वह अपनी पत्नी के हत्या के आरोप में जेल से सजा काट कर आया हैं। बाद में उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए गुमला जेल भेज दिया गया हैं।

# किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया है हाथी



**नवीन मेल संवाददाता। कैरो / लोहरदगा**

प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों एवं किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया है हाथी। बिगत कुछ महीनों से हाथियों के झुंड कुडू,कैरो और भंडरा प्रखण्ड क्षेत्र में लगातर आवागमन कर रहे रहे है।जिसका नुकसान आम ग्रामीण व किसानों उठाना पड़ रहा है। शनिवार रात में हाथियों का एक झुंड ने जमकर किसानों को नुकशान पहुंचाया है। हाथीयों का झुंड प्रखण्ड क्षेत्र के महुअरी जंगल मे अड्डा बनाये हुये थे।रात होते ही हाथियों का झुंड निकला और कन्दनी नदी के किनारे-किनारे सढाबे होते हुई तान हुदू की ओर निकल गया।इस क्रम में गुजरू यादव,सकील अंसारी, अदला उरांव, सुकरा उरांव आदि कई किसान के खेतों में लगे धान की फसलों को रौंद डाला जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ। वहीं प्रभावित लोगों ने वन विभाग से मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई।

### हाथी ने किसान के घर को किया क्षतिग्रस्त



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित भरनो प्रखंड में जंगली हाथी ने किसान के घर को किया क्षतिग्रस्त। करंज थाना अंतर्गत तेतरबिरा कुसुम टोली में बीते रात एक जंगली हाथी ने किसान पूना उरांव के मिट्टी के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया ।हाथी आने की भनक लगने पर परिजन पिछले दरवाजे से भागकर बाहर आ गए ।सुबह सूचना मिलने पर करंज थानेदार आशीष केशरी ने घटना स्थल जाकर जायजा लिया ।

## न्यूज बॉक्स

### लोहरदगा में अवैध हथियार चलाने की ट्रेनिंग के दौरान नाबालिग घायल




**लोहरदगा।** जिले के कुडू थाना क्षेत्र में अवैध हथियार चलाने की ट्रेनिंग के दौरान एक नाबालिग घायल हो गया। नाबालिग को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।एक युवक नाबालिग को अवैध हथियार चलाने की ट्रेनिंग दे रहा था, जिसमें गोली नाबालिग के जबड़े के आर-पार हो गई। घटना के बाद परिजनों ने पहले मामले को दबाने का प्रयास किया। लेकिन लोगों के पुलिस के पास जाने के सुझाव के बाद परिजन कुडू थाना पहुंचे। जहां उन्होंने मुंह में रॉड से चोट लगने की बात कही। बाद में पुलिस को अवैध हथियार चलाने की सूचना मिली और जांच शुरू हुई। पुलिस इंस्पेक्टर चंद्रशेखर आजाद

### बारिश से कई लोगों के मिट्टी के घर ध्वस्त अंचल कार्यालय से मुआवजे की मांग



**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के विभिन्न जगहों में इन दिनों रुक रुक कर हो रही बारिश से कई गरीब परिवारों का आशियाना उजड़ गया है। इधर नवाडीह गांव निवासी मुतुर्जा अंसारी का घर ध्वस्त हो गया है। इससे परिवार के समक्ष बेघर होने की स्थिति उतपन्न हो गई है। साथ ही घर में रखा अनाज कपड़ा एवं अन्य सामान बर्बाद हो गया। गरीबों के आशियाने उजड़ने से उनके समक्ष मुसीबतों का पहाड़ खड़ा हो गया है। प्रखण्ड क्षेत्र में हो रही बारिश से कई लोगों के घर ध्वस्त हो गया है। अधिकतर ऐसे लोगों का घर गिरा है जिसका आवास योजना सूची में नाम दर्ज नही है। ना ही इन्हें आवास का लाभ मिला है। मामले पर किस्को अंचल अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि पीड़ित परिवार आवेदन के साथ ध्वस्त घर का तस्वीर के साथ आधार कार्ड और पासबुक का जेरोक्स कॉपी अंचल कार्यालय में जमा करें जांच कर मुआवजा दी जाएगी।

### रविवार को 250 श्रद्धालुओं का जत्था कैलाश गुफा के लिए रवाना



**लोहरदगा।** जय श्री राम समिति के सौजन्य से रविवार को जिले के श्रद्धालुओं का समूह छत्तीसगढ़ के कैलाश गुफा के दर्शन को निकला।श्रद्धालुओं में महिला, पुरुष ,बच्चों समेत लगभग ढ़ाई सौ लोगों ने रविवार को कैलाश गुफा स्थित महादेव को जलार्पण किया।श्रद्धालुओं के जत्थे को सुबह 7 बजे जय श्री राम, हर हर महादेव के जयघोष के साथ,जय श्रीराम समिति की संरक्षक सुषमा सिंह,परमेश्वर साहू,गुप्तेश्वर प्रसाद,अजय सोनी,अनूप गुप्ता,नगर अध्यक्ष दीपक साहू,ओम महतो,महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान,विक्की कसेरा,प्रदीप साहू,आदि पदाधिकारियों ने भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया।मौके पर सुषमा सिंह ने कहा कि श्रावण माह में भोले नाथ दर्शन एवं पूजन बहुत ही फलदायी होता है।जय श्री राम समिति समय समय पर देश के ऐतिहासिक और दार्शनिक स्थलों के दर्शन हेतु श्रद्धालुओं को ले जाती है।श्रद्धालु चार बसों में रवाना हुए।सभी बहुत उत्साहित थे,पूरे रास्ते माताएं बहनें कीर्तन करते हुए गयी।जय श्रीराम समिति के द्वारा सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। जिसकी विधि - व्यवस्था कृताथ वर्मा के द्वारा की गई ' मौके पर जीवन महतो,अमित कुमार,धीरज गुप्ता,आशा सोनी,अनामिका भारती,बजरंग साहू समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### कुम्हार समाज भगवान विश्वकर्मा के वंशज : प्रेम किशोर प्रजापति

**लोहरदगा।** कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक रविवार को आगामी कार्यक्रम की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रेम किशोर प्रजापति ने किया । बैठक में इस वर्ष शिक्षक दिवस पर 25 अगस्त रविवार को वर्तमान शिक्षक, अवकाश प्राप्त शिक्षक ,वर्तमान कर्मचारी, अवकाश प्राप्त कर्मचारी एवं बीआरपी, सीआरपी, सरकार से अनुबंध प्राप्त कर्मचारी एवं केंद्रीय कर्मचारी साथ ही साथ प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ब्यूरो चीफ को 25 अगस्त को आनंद सरस्वती बाल निकेतन में सम्मानित किया जाएगा।विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर 22 सितंबर को मिट्टी से जो काम करें उन्हें 'कुम्हार कला सम्मान समारोह' में जिले भर के सभी कुम्हार को सम्मान किया जाएगा एवं सामूहिक भोज का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रेम किशोर प्रजापति, शशिकांत प्रजापति,विनोद प्रजापति,नितेश प्रजापति, शिवकुमार प्रजापति,कृष्णदेव प्रजापति, संजय प्रजापति, प्रियांशु प्रजापति, अमित प्रजापति आदि उपस्थित थे।

### वैदिक विश्व मंगल ट्रस्ट एवं शिव भक्तों से संपन्न हुआ 51 हजार महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप

**लोहरदगा।** श्रावण मास के पावन अवसर पर रविवार को श्री श्री दुर्गा बाड़ी मंदिर प्रांगण में वैदिक विश्व मंगल ट्रस्ट एवं शिव भक्तों के द्वारा भगवान शिव जी के प्रिय महामृत्युंजय मंत्र का 51 हजार सामूहिक जाप उपस्थित शिव भक्तों के द्वारा किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के संरक्षक राजेंद्र खत्री, कार्यक्रम अध्यक्ष वीरेंद्र मित्तल, गोपाल दत्ता, मुख्य सहयोगी अवधेश मित्तल, अशोक चंद्र घोष, दीपक कर्मकार, अजातशत्रु के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया। मौके पर शिव भक्तों को डॉक्टर अशोक आचार्य द्वारा सामूहिक रूप से महामृत्युंजय मंत्र का जाप करवाया गया और इस मंत्र के फायदे भी लोगों को बतलाए गए।

# 17 को आजसू युवा मोर्चा एवं नगर समिति के सम्मेलन में शामिल होंगे सुदेश महतो



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय में आजसू नगर युवा मोर्चा, नगर कमेटी एवं आजसू के पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। बैठक में आगामी 17 अगस्त को युवा मोर्चा एवं नगर कमेटी का जिला सम्मेलन होना तय हुआ है। जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो एवं केंद्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन से केंद्रीय अध्यक्ष का स्वागत विशाल मोटरसाइकिल रैली के रूप में कुडू के विराट होटल के पास से लोहरदगा नगर भ्रमण कराते हुए एवं शहीदों को माल्यार्पण करते हुए पुराने नगर भवन तक लाया जाएगा ।पुराने नगर भवन में ही जिला सम्मेलन होगा। इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ा जाएगा और सम्मेलन के दिन 1000 नए युवा को आजसू से जोड़ा जाएगा। बैठक में जिला संयोजक मंडली ,नगर संयोजक मंडली, युवा संयोजक मंडली एवं जिला के तमाम पदाधिकारी उपस्थित हुए एवं चूल्हा प्रमुख बनाने की प्रगति पर भी समीक्षा हुई। बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी नीरु शांति भगत, केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, जिला अध्यक्ष ओम भारती, मुख्य संयोजक कवलजीत सिंह, नगर प्रभारी जहांगीर आलम, कुरु प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, रामविलास उरांव, नगर कार्यकारी अध्यक्ष राजन मेहता ,मीर आरिफ छोटू समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कुंदगड़ी ग्राम में हुई बैठक

# वर्तमान विधायक को टिकट नहीं देने तथा नए उम्मीदवार चयन को लेकर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर गांव में तैयारियां आरम्भ हो गया है। वही जनसमस्या संबंधित जनसभा आयोजन कर कैसे उम्मीदवार का चयन करने पर चर्चा किया गया। वर्तमान विधायक चमरा लिंडा को टिकट नही देने को लेकर मुख्यमंत्री से करने की बात कही गई.वही वर्तमान विधायक का कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों ने आगामी विधानसभा चुनाव में परास्त करने हेतु चर्चा किया गया। बैठक बिशुनपुर विधानसभा संयोजक महेंद्र उराँव के नेतृत्व में लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के कुंदगड़ी ग्राम में आयोजित हुआ। इस अवसर पर आदिवासी सामान्य समिति का गठन भी किया गया। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बिशुनपुर



विधानसभा क्षेत्र के लिये रणनीति तैयारी को लेकर आम ग्रामीण जुट रहे है। वही बताया जाता है। कि बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से भरी मतों से विजय दिलाने के बावजूद वर्तमान विधायक चमरा लिंडा अपने कर्तव्य का निर्वाहन करने में असमर्थ नजर आए जिससे ग्रामीण काफी नराजगी जताते हुए इस बार की चुनाव में कुछ अलग रणनीति की तैयारी में जुट कर कहा कि आदिवासी समाज चुनाव के दौरान सभी पार्टी उम्मीदवार को बारी बारी से अवसर प्रदान किया ताकि क्षेत्र में विकास हो और समाज की उत्थान पर कार्य हो लेकिन परिणाम खोखला नजर आया जिससे इस बार नए उम्मीदवार के रूप में सेन्हा थाना के पूर्व प्रभारी जगरनाथ उराँव को लाने पर विचार किया जा रहा है। जो पूर्व में कई थाना क्षेत्र में अपने कर्तव्य को निर्वाहन करते हुए समाज उत्थान एवं नशा मुक्त समाज बनाने पर विचार समाज के बीच प्रकट किया और लोगो को प्रेरित करने का कार्य किया।

# भाजपा में बगावत शुरू, जिला अध्यक्ष का फूंका पुतला

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**

भाजपा में दिन प्रतिदिन कार्यकताओं के बीच समन्वय बिखरता नजर आ रहा है.अक्सर किसी बात को लेकर लोकसभा चुनाव के समय से विभिन्न रूप से रणनीति बनाया जा रहा है। और प्रखंड मंडल कार्यकताओं को नीचा दिखाने का प्रयास निरंतर जारी है। जिसको लेकर प्रखंड क्षेत्र के मंडल भाजपा कार्यकर्ताओ ने जिलाध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया.उक्त कार्यक्रम सेन्हा मेन चौक में आयोजित कर कहा कि भाजपा किसी के इशारे पर नये मंडल का चयन किया है। जो पार्टी गाइडलाइन से हट कर किया गया है। बताते हुए चयनित नये भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक साहु को तत्काल हटाने की मांग करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष



मनीर उरांव द्वारा तनाशाही करने का आरोप लगाया है.भाजपा सेन्हा मंडल के कार्यकर्ताओ ने कहा है कि कार्यकताओं से बीना राय सुमारी किए ही जिले के सेन्हा मंडल सहित जिला के सभी मंडल अध्यक्ष को बदल दिया गया।साथ ही कहा कि भाजपा लोहरदगा जिला अध्यक्ष को पार्टी विरोधी कार्य करने की शिकायत पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबु लाल मरांडी को पूर्व में पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया गया था। पत्र देकर अध्यक्ष मनीर उरांव पर मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ताओ से तनाशाही और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया था। जिसे दुर्भावना से ग्रसित हो बदला लेने के उद्देश्य से जिले का सभी मंडल अध्यक्ष को बदल दिया गया। कार्यकर्ताओ ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सेन्हा मंडल भाजपा के नये अध्यक्ष को हटाने का मांग किया है। साथ ही कहा कि सेन्हा मंडल अध्यक्ष को नही हटाने पर सामूहिक रुप से इस्तीफा देने की बात भी कही गई है। मौके पर नवल किशोर साहू,रजनीश कुमार सिंह,दशरथ साहू,रोहित कुमार सिंह,कर्मदेव उरांव,चंद्र किशोर यादव,गंदूर भगत सहित अन्य भाजपा कार्यकताओं ने नये मंडल अध्यक्ष का विरोध किया है।

# वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपेक्षा किए जाने के विरोध में बैठक का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला जिला अंतर्गत स्थित बसिया प्रखंड के कई वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं कि एक आवश्यक बैठक कोनबीर नीचे चौक के समक्ष आयोजीत कि गई। उक्त बैठक में पूरे प्रखंड से आए भाजपा के कई वरिष्ठ कार्यकर्त्ता शामिल हुए। कार्यकताओं ने बसिया प्रखंड में भाजपा कि वर्तमान स्थिती पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा के पूर्व अध्यक्ष द्वारा हम वरिष्ठ कार्यकताओं कि अनदेखी कि गई जिसके कारण पिछले पांच वर्षो से बसिया प्रखंड में पार्टी कि स्थिती काफी कमजोर हो गई हैं। पूर्व अध्यक्ष द्वारा सिर्फ गिने चुने 2-4 लोगों को साथ लेकर चलने के कारण सिर्फ पार्टी कार्यकर्त्ता ही नहीं बल्कि आम लोगों के बीच भी यह चर्चा का बिषय बना हुआ था। वहीं बैठक में ये भी कहा गया कि पूर्व अध्यक्ष द्वारा वर्तमान में नवनिर्वाचित मण्डल अध्यक्ष को भी अपने अंडर में रखने का काम किया गया हैं। जिससे हम वरिष्ठ कार्यकताओं कि उपेक्षा कि जा रही हैं। वरिष्ठ कार्यकताओं कि उपेक्षा का ही परिणाम हैं कि यहाँ पिछले कई चुनाओं में बसिया प्रखंड से भाजपा को हार का सामना करना पड़ा हैं। वरिष्ठ कार्यकताओं ने इसपर जिला संगठन को विचार कर सगठन में मजबूती लाने कि अपील कि हैं वहीं बसिया प्रखंड भाजपा जो कि गिने चुने लोगों तक सिमट कर रह गई हैं ओर इन गिने चुने लोगों के कारण क्षेत्र के लोगों का भाजपा से दुरी बढ़ने एवं पार्टी कि पकड़ कमजोर होने के मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए इसपर विचार करने कि अपील कि हैं। मौके पर अरुण मिश्रा, कृष्णा कुशवाहा, जगदम्बा साहू, राजकुमार गुप्ता,बड़ाइक,तिजु साहू,सैलेश साहू सहित कई कार्यकर्त्ता उपस्थित थें।

# भारतीय जनता पार्टी ने निकाला शांति मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला के नेतृत्व में आज बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे उत्पीड़न अत्याचार और बांग्लादेश के अल्पसंख्यक समुदायों की निर्मम हत्या जैसी घटनाओं के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए शांति मार्च निकला गया जिसमें सुषमा गुप्ता गुमला जिला भाजपा कळ सेल सहसंयोजक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की भारत सरकार झारखंड सरकार और विपक्ष से कहूंगी की इस पर कोई राजनीतिक ना करें।

इतिहास गवाह है कि हिंदू का हमेशा से दूसरे देशों में निर्मम हत्या और शोषण होते आरहा है और आज भी हो रहा है हमने तो कश्मीर के बारे सिर्फ सुना था पर आज बंगाल देश में जो हो रहा है वह देख रही हूं हिंदुओं के रहने के लिए दुनिया के किसी भी देश



में जगह नहीं है तो भारत देश में भी अवैध रूप से रह रहे होंगे बांग्ला देशियों रोहिंग्या को रहने का कोई हक नहीं है इन्हें तत्काल भारत देश के हर कोने से निकल जाए उन्हें भी रहने का यहां कोई हक नहीं है। कब तक हिंदू बर्दाश्त करेगा बर्दाश्त करने की भी एक सीमा होती है बांग्लादेश में हिंदू भाईयो की निर्मम हत्या की जा रही है बच्चों को मारा जा रहा है औरतों का रेप किया जा रहा है जिंदा लोगों को रोड पर घसीटा जा रहा है हमारे मंदिर तोड़े जा रहे हैं और हम हाथ पैर हाथ धरे बैठे हैं अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं अभी नहीं तो कभी नहीं सभी सनातनियों से हाथ जोड़कर विनती है कि एक हो जाइए संगठन में ही मजबूती है जाति में मत बटिये हिंदू बनिए।

आज के सनातन मंच गुमला द्वारा आयोजित मौन जुलूस का भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला समर्थन करती है। भाजपा नेताओं ने जुलूस में शामिल होकर अपना समर्थन दिया है। जिसमें पूर्व विधायक कमलेश उरांव पूर्व जिला अध्यक्ष सविंद्र सिंह ,अनूप चंद्र अधिकारी ,शंभू मिसिर कुजूर, रंजीत सोनी ल्केश्वर सिंह,अरविंद मिश्रा, संजय वर्मा,विकास सिंह नगर अध्यक्ष बबलू वर्मा ,सोना मनी उराव, सत्यनारायण पटेल, अजीत कुमार,दीपक साहू, रूपक साहू, दिनेश साहू, राजेश सिंह, गुड्डी नंदा, रामेश्वरी उरांव, शामिल थे।

### सेन्हा में नए भाजपा मंडल अध्यक्ष को हटाने की मांग की

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मंडल भाजपा कार्यकर्ताओ ने सेन्हा में नये मंडल अध्यक्ष अशोक साहु को तत्काल हटाने की मांग करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव द्वारा तनाशाही करने का आरोप लगाया है.वही भाजपा सेन्हा मंडल के कार्यकर्ताओ ने कहा है.की कार्यकताओं से बीना राय सुमारी लिये ही जिले के सेन्हा मंडल सहित जिला के सभी मंडल अध्यक्ष को बदल दिया गया है.साथ ही कहा कि भाजपा लोहरदगा जिला अध्यक्ष को पार्टी विरोधी कार्य करने की शिकायत पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबु लाल मरांडी को पूर्व में पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया गया था.पत्र देकर अध्यक्ष मनीर उरांव पर मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ताओ से तनाशाही और अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया था.जिसे दुर्भावना से ग्रसित हो बदला लेने के उद्देश्य से जिले का सभी मंडल अध्यक्ष को बदल दिया गया है।

# भाजयुमो ने निकाली शहर में तिरंगा यात्रा

### वंदे मातरम, मेरी शान तिरंगा-मेरी जान तिरंगा के लगाए नारे



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

भाजयुमो जिला अध्यक्ष बाल्मीकि कुमार की अध्यक्षता में लोहरदगा में तिरंगा यात्रा हुई। इस यात्रा को ललित नारायण स्टेडियम लोहरदगा से भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने हरी झंडी दिखाकर आरम्भ करवाया। इसके उपरान्त यह बरवाटोली, मिशन चौक, गुदरी बाजार, अपर बाजार, बड़ा तालाब, पॉवरगंज, मैना बगीचा, नदिया, जुरिया होते हुए सोबरन टोली में कार्तिक उरांव की प्रतिमा के समक्ष सभा में परिवर्तित हो कर समाप्त हुई। पूरी रैली में शामिल युवा भारत माता की जय, वन्दे मातरम, विश्व विजयी तिरंगा प्यारा, सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा, मेरी शान तिरंगा - मेरी जान तिरंगा के नारे लगा रहे थे, इन नारों से पूरी यात्रा गुंजायमान थी। तिरंगा यात्रा में भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, जिला उपाध्यक्ष बालकृष्णा सिंह, जिला महामंत्री पशुपति नाथ पारस, संजय अग्रवाल, जिला मंत्री मिथुन तमेड़ा, विवेक चौहान, विवेक सोनी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष टीपू खान, सरजू साहू, विपुल तमेड़ा, विश्वजीत शाहदेव, मनीष शिखर, लाल अविनाश नाथ शाहदेव, संख्या में युवा सम्मिलित हुए। मौके पर बिंदेश्वर उरांव ने कहा कि राष्ट्र सर्वप्रथम की भावना के साथ ही राष्ट्र के प्रति अपना सर्वस्व समर्पण की भावना हमें रखनी चाहिए। आज की रैली में उमड़ी यह संख्या यह बता रही है कि एक बार पुनः नवयुवकों के हृदय में तिरंगे के प्रति प्रेम और राष्ट्र के प्रति सर्वस्व न्यौछावर की भावना जागृत हो चुकी है। भाजयुमो जिला अध्यक्ष बाल्मिकी कुमार ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा अभियान की ही एक कड़ी है। यह रैली केवल रैली मात्र नहीं है अपितु यह हमें इस बात का स्मरण करवाती है कि इसी तिरंगे के लिए लाखों लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी है।

